# छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन

मुख्यालय–सेक्टर–24, अटल नगर नवा रायपुर (छ0ग0)

Telephone: 0771-2272969, Email: mp-swc.cg@gov.in, Website : www.cgswc.cg.gov.in


क्रमांक / 997 / छगवेका / मु0 / स्था0(परिपत्र पी–2) / 2025–26 / नवा रायपुर, दिनांक – 19/08/25

**–:: परिपत्र ::–**

मुख्यालय के पत्र क्रमांक / छगवेका / स्था0 / 2005 / 3034, रायपुर दिनांक 18.07.2005 के द्वारा दौरा कार्यक्रम के स्वीकृति के संबंध में परिपत्र जारी किया गया है।

वर्तमान मे संज्ञान में आ रहा है कि अधिकांश अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा उक्त परिपत्र का पालन नही किया जा रहा है एवं दौरा कार्यक्रम, दौरा समाप्ति के 45 दिवस पश्चात्, स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाता है साथ ही उक्त पत्रक मुख्यालय में दौरा समाप्ति से 45 दिवस की अवधि समाप्त हो जाने के पश्चात् प्राप्त होने से मुख्यालय द्वारा, दौरा कार्यक्रम अस्वीकृत किया जाता है।

**अतः दौरा कार्यक्रम एवं यात्रा देयक प्रस्तुत करने के संबंध में निम्नानुसार दिशा–निर्देश जारी किये** जाते है:–

01. यात्रा समाप्ति दिनांक के पश्चात् 45 दिवस के अंदर दौरा कार्यक्रम स्वीकृति हेतु मुख्यालय को प्राप्त होना चाहिए। इस हेतु निगम के आधिकारिक ईमेल पर प्राप्त दौरा कार्यक्रम की तिथि को मान्य किया जायेगा, किन्तु दौरा कार्यक्रम की मूलप्रति प्राप्त होने पर ही स्वीकृति के संबंध मे नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।
02. दौरा किये जाने के संबंध में मुख्यालय / सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आदेश की छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी / सक्षम अधिकारी द्वारा मौखिक निर्देश के तहत की गई यात्रा का उल्लेख दौरा कार्यक्रम के रिमार्क कॉलम में करें।
03. सामान्य यात्रा देयक के साथ अनुमोदित दौरा कार्यक्रम की मूलप्रति, दौरा समाप्ति के पश्चात 06 माह के अंदर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
04. स्थानांतरण यात्रा देयक, पदस्थी स्थल पर उपस्थिति दिनांक से 01 वर्ष के भीतर देयक प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
05. उपरोक्तानुसार अवधि समाप्ति के पश्चात् प्रस्तुत दौरा कार्यक्रम / यात्रा देयक कालातीत माने जायेंगे तथा उन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

प्रबध संचालक महोदय द्वारा अनुमोदित।

प्रबंधक (कार्मिक)

क्रमांक / 997 / छगवेका / मु0 / स्था0(परिपत्र पी–2) / 2025–26 / नवा रायपुर, दिनांक – 19/08/25

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ प्रेषित।

1. निज सहायक, माननीय अध्यक्ष महोदय, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्यालय नवा रायपुर (छ0ग0)।
2. निज सचिव, प्रबध संचालक, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्यालय नवा रायपुर (छ0ग0)।
3. प्रबंधक (कार्मिक / लेखा / वै0भ0गु0नि0 / वाणिज्य) कार्यपालन अभियंता, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन मुख्यालय नवा रायपुर (छ0ग0)।
4. नोडल अधिकारी, (आई0टी0), छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, मुख्यालय नवा रायपुर (छ0ग0)। कृपया उक्त परिपत्र को निगम की वेबसाईट पर अपलोड करें।
5. समस्त शाखा प्रबंधक, छ0ग0 स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन,(छ0ग0)। उक्त परिपत्र के संबध मे अधीनस्थ समस्त नियमित कर्मचारियों को अवगत करावें।
6. मास्टर नस्ती हेतु।

प्रबंधक (कार्मिक)